हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

## फुलरथ की अंतिम परिक्रमा



**जगदलपुर।** बस्तर का विश्व प्रसिद्ध दशहरा अपनी अनूठी परंपराओं और विधि विधान के कारण पूरे देश में अलग महत्व रखता है। कांटों के झूले में झुलकर देवी काछन देवी से अनुमति मिलने के बाद जोगी बिठाई रस्म के पश्चात फुलरथ की परिक्रमा शुरू होती है। आज गुरुवार ▶▶ शेष पेज 10 पर

## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं
दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

# बस्तर दशहरा की बेल न्यौता रस्म पूरी, राजपरिवार के सदस्य व सांसद रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर दशहरा पर्व की महत्वपूर्ण रस्म बेल पूजा आज ग्राम सरगीपाल में परंपरानुसार की गई। इस रस्म में बेलवृक्ष और उसमें एक साथ लगने वाले दो फलों की पूजा का विधान है। ऐसे इकलौते बेलवृक्ष को बस्तर के लोग अनोखा और दुर्लभ मानते हैं। शहर से लगे ग्राम सरगीपाल में वर्षों पुराना एक बेलवृक्ष है। जिसमें एक के अलावा दो फल भी एक साथ लगते हैं। आज बस्तर राजपरिवार के सदस्य कमलचंद्र भंजदेव, सांसद व दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप, कुमार जयदेव, नवीन ठाकुर सहित मांझी, चालकी एवं जिला प्रशासन, दशहरा समिति के सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

बेल पूजा विधान रस्म के दौरान सरगीपाल में काफी उत्साह का माहौल रहा। मानो एक शादी का समारोह सम्पन्न किया जा रहा हो। लोग नाचते गाते रहे। बैंड बाजा की धुन में सभी वर्ग के लोग थिरकते दिखे। छोटे बच्चे से लेकर सभी वर्ग के लोग इस दौरान शामिल हुए। एक तरह से पूरा गांव इस रस्म को देखने तथा विशेषकर साल में एक बार दशहरा के समय आने वाले ▶▶ शेष पेज 10 पर

### सरगीपाल में उत्साह का रहा माहौल





#### हल्दी भी खेली गई

जिस तरह शादी में हल्दी एक दूसरे को लगाकर उत्साह के साथ रस्म पूरी की जाती है। उसी तरह सरगीपाल में भी ग्रामीण विवाह समारोह की तहर एक दूसरे को हल्दी लगाकर उत्साह से यह परंपरा को मनाया। महाराजा लाव लस्कर के साथ सरगीपाल पहुंचे। आतिशबाजी भी जमकर की गई।

## कार्रवाई : आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार, नकद सवा छह लाख बरामद

# सब्सिडरी कैंटीन कारली में पौने आठ लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा/गीदम

जिला दंतेवाड़ा के गीदम थाना क्षेत्र अंतर्गत सब्सिडरी कैन्टीन 9वी बटालियन कारली में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात्रि अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगभग पौने आठ लाख की चोरी की सूचना कैन्टीन प्रभारी गजाधर सविता ने 8 अक्टूबर को थाना गीदम में दी थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना गीदम में अपराध क्रमांक 104/2024 धारा 305(ए),331(4) बीएनएस मंगलवार को पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं उन्नति ठाकुर एसडीओपी बारसूर के पर्यवेक्षण में एवं निरीक्षक धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में टीम तैयार कर आरोपी के पता तलाश हेतु लगाया गया। थाना गीदम टीम द्वारा आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबिर लगाये गये थे एवं घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी टीम के द्वारा देखे जा रहे थे। सीसीटीवी में एक संदिग्ध व्यक्ति



दिखा, जिसकी पहचान करवाने पर महेन्द्र दीवान निवासी चितालंका का होना पता चला। मुखबिर से भी महेन्द्र दीवान पिता फूलदास दीवान द्वारा चोरी करना पता चला। थाना गीदम टीम को आरोपी के ग्राम रायकोट मुर्गा बाजार में होना पता चलने पर तत्काल थाना कोड़ेनार को सूचना देकर रायकोट रवाना हुये। जहां आरोपी महेन्द्र दीवान पिता फूलदास दीवान को थाना गीदम टीम, थाना कोड़ेनार टीम एवं हाईवे पेट्रोलिंग के द्वारा घेराबंदी करने पर आरोपी मुर्गा बाजार से भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे टीम द्वारा पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर घटना दिनांक को चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी द्वारा चोरी किये गये 7 लाख 88 हजार रुपए में से 6 लाख 15 हजार रुपए को घर में छुपाकर रखना बताया, जिसे बरामद कर लिया गया।

### मुर्गा लड़ाई में लगा दिए एक लाख

*जब्त रकम के अलावा बाकी रकम एक लाख 73 हजार में से कुछ को बाजार में मुर्गा लड़ाई में हारना एवं कुछ पैसे को घर सामान में खर्च करना बताया। आरोपी से 6 लाख 15 हजार रुपए बरामद किया गया है। आरोपी पूर्व में भी थाना गीदम एवं थाना फरसगांव जिला कोण्डागांव से चोरी के प्रकरण में जेल जा चुका है। आरोपी को 9 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।*

# जगदलपुर से दंतेवाड़ा तक दौड़ेगी जनसाधारण स्पेशल ट्रेन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शारदीय नवरात्र में दंतेवाड़ा स्थित शक्तिपीठ दंतेश्वरी माता दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। यहां से दो यात्री ट्रेनों का परिचालन किरन्दुल व्हाया दंतेवाड़ा तक होता है। नवरात्री में 9 दिनों तक लाखो श्रद्धालुओं के दंतेवाड़ा पहुंचने में हो रही परेशानियों पर हरिभूमि ने गुरुवार को खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

### माता दंतेश्वरी दर्शन में होगी सुविधा



जिसे पूर्व तट रेल के विशाखापटनम रेल मंडल ने संज्ञान में लेकर 11 से 14 तक जगदलपुर से दंतेवाड़ा तक जनसाधारण स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस बात की पुष्टि विशाखापटनम ▶▶ शेष पेज 10 पर

## डाक्टर्स काली पट्टी बांधकर जूनियरों को दे रहे समर्थन



**जगदलपुर।** कलकत्ता के मेडिकल कालेज में 2 माह पहले पढ़ने वाली सेकंड ईयर की छात्रा के साथ रेप करने के साथ ही उसकी हत्या कर दी गई। इस घटना से देश में एक बार फिर से अनाचारियों के खिलाफ लोगों ने आवाज उठाई। मामले की जांच करने के ▶▶ शेष पेज 10 पर


B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065







BK
GREEN WOODS
Kumharawand
Premium Residential Plots
Complete With all Facilities & Amenities

BANK FINANCE AVAILABLE FROM
› Chhattisgarh Rajya Gramin Bank
› UCO Bank

Contact Numbers
9244144694
07782-358085

PROPRIETOR
DHANESHWAR PANDEY
& VIJAY PANDEY










Sales & Marketing By :
NEELIMA BUILDERS
ADDRESS
Near Shiv Mandir, Chitrakot Road, Dharampura, No-1, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh
e-mail : greenwoodsgreen@gmail.com | website : www.bkgreenwoods.com

**खबर संक्षेप**

## समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें संपर्क केंद्र में




**कोण्डागांव।** केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाए जाने वाले जनकल्याणकारी योजनाओं को जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में संपर्क केंद्र की स्थापना की गई हैं। संपर्क केंद्र का मुख्य उद्देश्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना एवं आम जनता की समस्याओं को सुनना है। संपर्क केंद्र के द्वारा एक टोल फ्री नंबर 07786299028 जारी किया गया है। जिस पर कोई भी व्यक्ति सुबह 10 बजे से शाम के 5:30 बजे तक कॉल करके अपनी समस्याएं एवं मांग जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है, साथ ही इस नम्बर पर व्हाट्सएप के माध्यम से लिखित में भी अपनी समस्या एवं मांग को दर्ज करा सकते हैं। जिसे बाद में संपर्क केंद्र के माध्यम से संबंधित विभाग को भेज दी जाती हैं। जिसके बाद कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में प्राप्त मांग एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाता है।

## मर्दापाल में नई एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ



**कोण्डागांव।** वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को जिले के सुदूर क्षेत्र मर्दापाल तहसील स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर मंत्री कश्यप ने कहा कि शासन द्वारा नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने लगातार प्रयास किया जा रहा है। एम्बुलेंस सुविधा के शुरू होने से निश्चित ही ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकेगी। यह सेवा न केवल आपातकालीन स्थितियों में बल्कि नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए भी महत्वपूर्ण होगी।


# बोरगांव में बंग समाज की दुर्गा पूजा का शुभारंभ, निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगाँव

- समाज की दुर्गा पूजा का 65 वां साल
- सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला भी शुरू

कोंडागांव जिले के बोरगांव में बंग समुदाय की ओर से हर वर्ष आयोजित होने वाली दुर्गा पूजा का शुभारंभ बुधवार को षष्ठी तिथि से किया गया है। इस पावन पर्व की शुरुआत सुबह तालाब के पास की गई, जहां गांव की महिलाएं और बालिकाएं पारंपरिक ढाक बाजे के साथ पहुंचीं। पूजा के लिए माता दुर्गा के प्रतीक स्वरूप दस केला पौधों को तालाब के जल से स्नान कराया गया और कलश यात्रा निकाली गई।

### षष्ठी से पारंपरिक ढाक बाजे के साथ विधि विधान से विराजीं गई



### पांच गांव के लोगों ने की थी शुरूआत

*मुख्य पुजारी सुभाष भौमिक ने बताया कि इस गाँव की स्थापना 18 मार्च 1959 को हुआ था, जिसके बाद से लगातार बंग समुदाय द्वारा सब मिलकर दुर्गा पूजा अनुष्ठान करते है। पहले पांच गाँव जुगानी, पश्चिम बोरगाँव, मध्यम बोरगाँव, सिंगारपुरी और बोरगाँव के लोग मिलकर करते थे। जनसंख्या अधिक हो जाने से अब कुछ गाँव के लोग अपने गाँवों में पूजा करते है। लेकिन हमारी पूजा लगातार चलती आ रही है। बंग समुदाय के लोगो के लिए दुर्गा पूजा बहुत ही शुभ माना जाता है।*

इस दौरान कलश में जल भरकर पूजन स्थल पर स्थापित किया गया।

बंगाली समाज के लिए शारदीय दुर्गा पूजा का यह पर्व विशेष महत्व रखता है। बुधवार की शाम को षष्ठी पूजा के साथ मां दुर्गा के मुख के दर्शन होंगे, जो भक्तों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस पूजा के साथ क्षेत्र में सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला भी शुरू हो गई है, जिसमें जगराता, संध्या आरती, नौ कन्या भोज और सिंदूर खेला जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। इस दुर्गा पूजा उत्सव की विशेष बात यह है कि इसे बोरगांव में पिछले 65 वर्षों से लगातार मनाया जा रहा है। पूरे क्षेत्र के लोग इस भव्य आयोजन में भाग लेते हैं और मां दुर्गा की भक्ति में लीन हो जाते हैं।

### कार्रवाई: युवकों ने गौ तस्करों को जंगल में रोका, पुलिस ने पकड़ा

# 2.95 लाख के छोटे- बड़े 37 मवेशी बरामद दो गौ तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- वध के लिए ओडिशा ले जाए जा रहे थे मवेशी

विश्रामपुरी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गौ तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 2.95 लाख रुपये के मवेशियों को जब्त किया। पुलिस ने 37 छोटे–बड़े मवेशियों को जब्त कर लिया है। जिन्हें वध के लिए दूसरे राज्य ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार घटना 9 अक्टूबर की है। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपतसिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में पुलिस को रात के समय सूचना मिली।



सूचना के अनुसार, भारी संख्या में मवेशियों को तस्करों द्वारा ओडिशा राज्य ले जाया जा रहा था। विश्रामपुरी के दो युवकों ने दो कारों की मदद से कोसमी जंगल के पास ग्राम हात्मा में तस्करों को रोका। पुलिस ने जांच की तो लगभग 70 मवेशी पाए गए। जिनके पास वैध लाइसेंस और बिल पर्ची थे। उन्हें गवाहों की मौजूदगी में छोड़ दिया गया। हालांकि, दो व्यक्तियों के पास कोई लाइसेंस या पर्ची नहीं थी। इसलिए उनके कब्जे से 37 मवेशियों को जब्त कर लिया गया।

### गिरफ्तार आरोपी

*गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजय पटेल (27) और पप्पू पटेल (19) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी ओडिशा के नवरंगपुर जिले के रहने वाले हैं। उनके खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत मामला दर्ज किया गया है।*

### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

*पूरी कार्रवाई में निरीक्षक भुनेश्वर नाग, सउनि सुमंत भगत, प्र.आर. रामरतन चंद्रवंशी, आरक्षक जागेश मंडावी, कमलेश पटेल और महिला आरक्षक सुमन नेताम का विशेष योगदान रहा।*

# नवमीं और विजय दशमी पर्व, कलश विसर्जन को लेकर बनी कार्ययोजना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगाँव

नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को लेकर बड़ेडोंगर थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देशन और अनुविभिगीय पुलिस अधिकारी अनिलकुमार विश्वकर्मा में मार्गदर्शन में क्षेत्र के बड़ेडोंगर थाना प्रभारी विनोद नेताम ने गुरुवार को बैठक ली।

बैठक में दंतेश्वरी मन्दिर समिति, दुर्गा समिति दशहरा समिति के लोगों से नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। माँ दंतेश्वरी मन्दिर में अष्टमी, नवमीं पर्व में पूजा पाठ, विजयदसमी पर्व, कलशयात्रा, मूर्ति विसर्जन, रावण दहन के सम्बन्ध में चर्चा कर कार्ययोजना बनाई गई। सभी लोगो को शांतिपूर्वक विसर्जन और दशहरा पर्व मनाने कहा गया।

**ये हुए शामिल-** इस दौरान जनपद सदस्य दुलम सिंह नाग, सरपँच विद्यासागर नायक, उपसरपंच राधे श्रीवास, डॉ. अजय जायसवाल, सोनू राम राणा दंतेश्वरी मन्दिर पुजारी, गणेश प्राधन समिति अध्यक्ष, कवँल सिंह शोरी उपाध्यक्ष, खगेश्वर साहू, केशव पुजारी, धनेंद्र मणि निषाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## वायुसेना दिवस पर पूर्व सैनिक विजय सैमुअल का सम्मान

**कोण्डागांव।** वायु सेना दिवस के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव के पदाधिकारियों ने 81 वर्षीय वायु सेना से सेवानिवृत्त पूर्व सैनिक विजय कुमार सैमुअल का उनके घर पहुंच कर सम्मान किया। इस दौरान परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू और कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती साहू उपस्थित रहे।

सम्मान समारोह के दौरान पदाधिकारियों ने विजय कुमार सैमुअल को शॉल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया। साथ ही, उन्हें वायु सेना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व सैनिक विजय कुमार सैमुअल ने अपने सेना के दिनों की यादें साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे भारतीय वायु सेना ने उनकी जिंदगी को गर्व और सम्मान से भर दिया है। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पदाधिकारियों ने



कहा कि सैमुअल जैसे वीर पूर्व सैनिकों का सम्मान करना समाज के लिए गर्व की बात है। उनके साहस और समर्पण ने देश की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाई है, और उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता।

**देश के सभी सैनिकों के साहस को सलाम –** कार्यक्रम के माध्यम से परिषद ने पूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने वायु सेना दिवस को गर्व के साथ मनाया और देश के सभी सैनिकों के साहस को सलाम किया।

# 6 वाहन ओवरलोड वाहनों पर 1.47 लाख का जुर्माना

**जगदलपुर।** परिवहन विभाग के आयुक्त के निर्देश पर उड़नदस्ता प्रभारी की टीम बस्तर संभाग के सातों जिलों में वाहनों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान विभिन्न सड़कों में 6 वाहन ओवरलोड मिले, जिन पर एक लाख 47 हजार रूपए का जुर्माना किया। बताया जा रहा है कि जांच में कार्रवाई होने के बाद सड़क में ओव्हरलोड वाहनों बेखौफ चल रही हैं। साथ ही 1779 वाहनों से 39 लाख 86 हजार 110 रूपए समझौता शुल्क वसूला गया, जिसमें यानकर एवं ई-चालान के शामिल है। इसके अलावा बसों में यात्रियों को ठूंस-ठूंसकर रखने को लेकर बस चालक एवं मालिकों पर सख्ती की जा रही है। भौतिक निरीक्षण नहीं कराने वाले स्कूल बसों का ब्लैक लिस्ट में करने की तैयारी की जा रही है, जिन्हें जब्ती कार्रवाई की जाएगी। लालबाग, आनंद ढाबा, बोधघाट एवं एनएच, सरगीपाल रोड



के दोनों ओर नो-पार्किंग में ट्रकों के खड़ी रखने से जहां दुर्घटना की संभावना रहती है। आवागमन जाम से लोगों को परेशानी हो रही है, इस पर कार्रवाई की जा रही है।

**वाहनों पर हो रही कार्रवाई-** परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी निरीक्षक अनुपम पटेल ने बताया कि रायपुर, ओडिशा, गीदम, बीजापुर, भोपालपटनम, किरंदुल, सुकमा एवं कोंटा सड़क में वाहनों की जांच की जा रही है। परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक एवं मालिक पर कार्रवाई की जा रही है।

# ब्लैक स्पॉट चिन्हांकित कर दुर्घटनाएं रोकने के लिए करें कार्य: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न
- यातायात नियमों के लिए जागरूक करने करें कार्यक्रम: दुदावत

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट सक्षाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने बैठक में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कारगर उपाय करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कलेक्टर ने बैठक में जिले के मुख्य मार्गों पर नये ब्लैक स्पॉट की



पहचान एवं सुधार कार्य, दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्रों में घायलों की त्वरित सहायता के लिए सड़क सुरक्षा मित्र बनाने स्वयं सेवकों के चिन्हांकन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने यातायात नियमों के प्रति जागरुकता के लिए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिए। बैठक में इसके अलावा विभिन्न मार्गों और दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों की पहचान कर आवश्यक सुधार करने, आवारा मवेशियों और अन्य पशुओं द्वारा होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करने, नेशनल हाईवे एनएचआई पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, कैटआई, रिफलेक्टर्स और सड़क मार्किंग का कार्य तेजी लाने, केशकाल घाट पर सुधार कार्योंको प्राथमिकता से करने, यातायात पुलिस द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन एवं निरस्तीकरण पर शत प्रतिशत कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा। प्रमुख मार्गों पर ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करने, फुटपाथ, पार्किंग और सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने पर भी चर्चा हुई।

## पेज 9 के शेष...

### फुलरथ की अंतिम...

को फुलरथ की अंतिम परिक्रमा देखने जनसैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में शहरवासी और गांव-गांव से आए ग्रामीणों के अलावा पर्यटक भी विशाल रथ को देखने पहुंचे। फूलों और रंगीन झालरों से सजी रथ को देखने तथा खींचने वालों के उत्साह को देखना अपने आप में काफी रोमांच का अनुभव कराता है। देवी दंतेश्वरी और मावली माता की परंपरानुसार पूजा अर्चना के बाद देवी के छत्र को रथारूढ़ किया गया। इस दौरान देवी के छत्र को सशस्त्र जवानों ने सलामी दी। उसके बाद रथ पूरे गोलबाजार का परिक्रमा कर दंतेश्वरी मंदिर के सामने पहुंचा। अंतिम परिक्रमा होने से यह फूलरथ अब नहीं चलेगा। कल से अन्य विधि विधान शुरू हो जाएंगे। उसके बाद दो दिन नए बन रहे रथ की परिक्रमा होगी। जिसे भीतर रैनी और बाहर रैनी कहा जाता है। आज रथ परिक्रमा के दौरान दशहरा कमेटी के अध्यक्ष महेश कश्यप समेत दशहरा कमेटी के सदस्यगण, मांझी, चालकी, मेम्बर, मेम्बरीन, कोटवार, नाईक, पाईक, अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### बस्तर दशहरा की...

महाराजा को देखने पहुंचे थे। बताया गया कि जोड़ा बेल को दुल्हन की तरह विदा किया जाता है। महाराजा और राजपरिवार के सभी लोग जिसमें राजगुरू, राजज्योतिषी तथा सुकमा जमींदार परिवार के लोग बेलवृक्ष के नीचे बैठकर परंपरानुसार पूजा अर्चना की।

### जगदलपुर से दंतेवाड़ा...

रेल मंडल के डीआरएम सौरभ प्रसाद ने की है। जनसाधारण स्पेशल ट्रेन की समयसारिणी भी जारी कर दी गई है। जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए और इस क्षेत्र के यात्रियों को आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए, ईस्ट कोस्ट रेलवे के वाल्टेयर डिवीजन ने 11 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक दंतेवाड़ा-जगदलपुर के बीच जनसाधारण विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया। मंडल रेल प्रबंधक ने ईस्ट कोस्ट रेलवे मुख्यालय से अनुमोदन के साथ इन विशेष ट्रेनों की व्यवस्था करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। ट्रेन संख्या 08513 जनसाधारण स्पेशल 11 से 13 अक्टूबर तक जगदलपुर से दोपहर पौने 3 बजे प्रस्थान करेगी जो 3.54 बजे कुम्हारमारेंगे पहुंचेगी और 2.55 बजे रवाना होकर दोपहर 3.04 बजे तोकापाल और दोपहर 3.05 बजे बड़े आरापुर आगमन 3.12 बजे प्रस्थान 3.13 बजे,डिलिमिली आगमन 3.26 बजे और प्रस्थान 3.27 बजे; सिलक झोरी आगमन 3.43 बजे और प्रस्थान 3.44 बजे, कुमार साड़रा आगमन 3.57 बजे और प्रस्थान 3.58 बजे, काकलूर आगमन शाम 4.14 बजे और प्रस्थान 4.15 बजे; कावरगांव आगमन 4.34 बजे और प्रस्थान 4.32 बजे; डबपाल का आगमन 4.44 बजे और प्रस्थान 4.45 बजे; गीदम आगमन 4.59 बजे एवं प्रस्थान 5.00 बजे एवं शाम 5.30 बजे दंतेवाड़ा पहुंचेगी।

वापसी में ट्रेन नंबर 08514 जनसाधारण स्पेशल 11 से 13 अकटबुर तक दंतेवाड़ा से शाम 6 बजे जगदलपुर के लिए रवाना होगी जो 6.07 बजे गीदम पहुंचेगी, और 6.08 बजे गीदम से प्रस्थान कर शाम 6.23 बजे डाबपाल पहुंचेगी। यहां से शाम प्रस्थान कर 6.24 बजे; कावरगांव आगमन 6.37 बजे कावरगांव से प्रस्थान कर शाम 6.38 बजे; काकलूर आगमन 6.54 बजे और प्रस्थान कर यहां से शाम 6.55 बजे कुम्हार सादरा शाम 6.11 बजे और यहां से शाम 6.12 बजे सिलकझोरी का पहुंचेगी। यहां से शाम 6.26 बजे और प्रस्थान 6.27 बजे; डिलिमिली का आगमन 6.42 बजे और प्रस्थान 6.43 बजे; बदेरापुर आगमन 6.56 बजे और प्रस्थान 6.57 बजे; तोकापाल आगमन रात 8.04 बजे और प्रस्थान 8.05 बजे; कुमार मारेंगा का आगमन 8.14 बजे और प्रस्थान 8.15 बजे होगा और 8.45 बजे जगदलपुर पहुंचेगी।

ट्रेन नंबर 08515 जनसाधारण स्पेशल 11 से 13 अक्टूबर को रात्रि 10 जगदलपुर से प्रस्थान करेगी जो 22.09 बजे कुम्हार मारेंगे पहुंचेगी और 10.10 बजे प्रस्थान कर रात्रि आगमन 10.19 बजे तोकापाल पहुंचेगी। यहां से और प्रस्थान10.20 बजे बड़े आरापुर आगमन 10.27 बजे और प्रस्थान 10.28 बजे; डिलिमिली पहुंच रात्रि 10.41 बजे और रवाना होकर रात्री 10.42 बजे सिलकझोडी पहुंच रात्रि 10.58 बजे और प्रस्थान 10.59 बजे कुम्हारसाडरा रात्रि 11.12 बजे पहुंच यहां से रात्रि 11.13 बजे रवाना होकर रात्रि 11.29 बजे काकलूर पहुंचेगी। काकलुर से रात्रि साढ़े 11 बजे रवाना होकर कावरगांव आगमन 11.46 बजे कावरगांव पहुंच, यह से रात्रि 11.47 बजे रवाना होकर रात्रि का आगमन 11.59 बजे कावरगांग पहुंच रात्रि 12 बजे (मध्य रात्रि) गीदम पहुंच रात्रि 12.14 बजे गीदम से रवाना होकर रात्रि 12.15 बजे दन्तेवाड़ा के लिए रवाना होगी और रात्रि 12.45 बजे दन्तेवाड़ा पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 08516 जनसाधारण स्पेशल दिनांक 12 से 14 अक्टूबर को दंतेवाड़ा से सुबह 5 बजे जगदलपुर के लिए प्रस्थान करेगी और सुबह 5.07 बजे गीदम पहुंचेगी और 5.08 बजे प्रस्थान करेगी गीदम से रवाना होकर सुबह 5.23 बजे डाबपाल और प्रस्थान 5.24 बजे; कावरगांव आगमन 5.37 बजे और प्रस्थान 5.38 बजे; काकलूर आगमन 5.54 बजे और प्रस्थान 5.55 बजे; कुमार सदारा आगमन सुबह 6.11 बजे और प्रस्थान 6.12 बजे सिलकझोरी का आगमन सुबह 6.26 बजे और प्रस्थान सुबह 6.27 बजे; डिलिमिली का आगमन सुबह 6.42 बजे और प्रस्थान सुबह 6.43 बजे; बदेरापुर आगमन सुबह 6.56 बजे और प्रस्थान सुबग 6.57 बजे; तोकोपाल आगमन सुबह 7.04 बजे और प्रस्थान सुबह 7.05 बजे; कुमार मारेंगा का आगमन सुबह 7.14 बजे तथा प्रस्थान सुबह 7.15 बजे तथा सुबह 7.45 बजे जगदलपुर पहुंचेगी।

ट्रेन नंबर 08511 जनसाधारण स्पेशल दिनांक 12 से 14 अक्टूबर तक जगदलपुर से सुबह 8.15 बजे दन्तेवाड़ा के लिए प्रस्थान कर सुबह 8.24 बजे कुमार मारेंगे पहुंचेगी और सुबह 8.25 बजे प्रस्थान करेगी तोकोपाल आगमन सुबह 8.34 बजे और प्रस्थान सुबह 8.35 बजे; बदेरापुर आगमनस सुबह 8.42 बजे और प्रस्थान सुबह 8.43 बजे डिलिमिली आगमन। सुबह 8.56 बजे और प्रस्थान सुबह 8.57 बजे; सिलकझोरी आगमन सुबह 9.13 बजे और प्रस्थान सुबह 9.14 बजे कुम्हार साडारा आगमन सुबह 9.27 बजे और प्रस्थान सुबह 9.28 बजे; काकलूर आगमन सुबह 9.44 बजे और प्रस्थान कर सुबह 9.45 बजे; कावरगांव आगमन पूर्वान्ह 10.01 बजे और प्रस्थान पूर्वान्ह 10.02 बजे; डबपाल का आगमन पूर्वान्ह 10.14 बजे और प्रस्थान पूर्वान्ह 10.15 बजे; गीदम आगमन पूर्वान्ह 10.29 बजे एवं प्रस्थान पूर्वान्ह 10.30 बजे एवं पूर्वान्ह 11.00 बजे दन्तेवाड़ा पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन क्रमांक 08512 जनसाधारण स्पेशल दिनांक 12 से 14 अक्टूबर को दंतेवाड़ा से पूर्वान्ह जगदलपुर के लिए रवाना होकर पूर्वान्ह 11.30 बजे प्रस्थान करेगी जो 11.37 बजे गीदम पहुंचेगी। यहां से पूर्वांर्ग 11.38 बजे प्रस्थान करेगी; पूर्वान्ह 11.53 बजे डाबपाल पहुंच और पूर्वान्ह 11.54 बजे कावरगांव आगमन होगी। जबकि दोपगर 12.07 बजे डाबपाल से रवाना होकर दोपहर 12.08 बजे काकलूर आगमन दोपहर 12.24 बजे और प्रस्थान 12.25 बजे कुम्हारसादरा आगमन दोपहर 12.41 बजे और प्रस्थान दोपहर दोपहर 12.42 बजे; सिलक झोरी का आगमन दोपहर12.56 बजे और प्रस्थान दोपहर 12.57 बजे; डिलिमिली का आगमन दोपहर 1.12 बजे और प्रस्थान 1.13 बजे बड़ेआरापुर आगमन दोपहर 13.26 बजे और प्रस्थान दोपहर 13.27 बजे तोकापाल आगमन दोपहर 13.34 बजे और प्रस्थान कर दोपहर 1.35 बजे कुम्हार मारेंगे आगमन। दोपहर 1.44 बजे और प्रस्थान दोपहर 1.45 बजे रवाना होकर दोपहर और 2.15 बजे जगदलपुर पहुंचेगी।

**विशेष ट्रेनों में सामान्य द्वितीय श्रेणी के सिटिंग कोच शामिल-** इन विशेष ट्रेनों में सामान्य द्वितीय श्रेणी के सिटिंग कोच शामिल हैं। रेल मंडल के मुताबिक विशेष ट्रेनों का उपयोग करें और सुरक्षित यात्रा अपनाएं। उक्त जानकारी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के संदीप ने दी। बस्तर रेल आंदोलन से जुड़े सम्पत्त झा,किशोर पारेख,संतोष जैन,राकेश रथ,अनूप मेहरा,केदार ठाकुर,शिबू मोहंती ने डीआरएम को इस निर्णय का स्वागत किया है।

### डाक्टर्स काली पट्टी...

साथ ही निष्पक्ष जांच करते हुए आरोपियों को सजा दिलाने की बात कही गई, लेकिन मामले को 2 माह होने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई भी बड़ी कार्यवाही नही होने के कारण कोलकाता के डॉक्टर भूख हड़ताल में बैठकर न्याय की गुहार लगा रहे है। वही इस मामले में एक बार फिर से न्याय के लिए चल रहे अभियान को देखते हुए डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज के यूडीएफए ने भी अपना समर्थन देते हुए काली पट्टी बांधकर विरोध कर रहे है और जूनियर डॉक्टर्स को अपना पूर्ण समर्थन दिया है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दीप यज्ञ कार्यक्रम में शामिल हुई महिलाएं



**मद्देड़।** मद्देड़ के यापारारा दुर्गा समिति द्वारा नवरात्र के सातवे दिन मां के दरबार में दीप यज्ञ कार्यक्रम हर साल की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में माताएं एवं बहनें शामिल हुई। इस पूजा में माताओं-बहनों को अपने हाथों से आटे के दिए बनाने पड़ते है। जिस में कम से कम पांच दीए बनाने पड़ते है। साथ ही साथ पूजा सामग्री में पान का पत्ता, फूल पत्ता, नारियल आदि का प्रयोग कर माता की पूजा की कर महिलाएं अच्छे जीवन की कामना करते है।

### कलेक्टर ने ग्रामीण विकास की योजनाओं की समीक्षा की

**बीजापुर।** जिला पंचायत के सभागार में कलेक्टर संबित मिश्रा ने ग्रामीण विकास की योजनाओं की गहन समीक्षा की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमन्त रमेश नंदनवार ने मनरेगा, पीएम आवास, एनआरएलएम और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति से उन्हें अवगत कराया।

बैठक में कलेक्टर ने मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 तक के कार्य जो अपूर्ण हैं, उक्त कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया । कृषि सम्बद्धता से संबंधित कार्य को स्वीकृत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

### सदस्यता अभियान को लेकर युवाओं में उत्साह



**जगदलपुर।** भाजपा युवा मोर्चा की सदस्यता रथ यात्रा बुधवार को नगर के लाल बहादुर शास्त्री, चंद्रशेखर, शिव मंदिर, भैरमदेव, रविंद्रनाथ टैगोर, शान्ति नगर वार्ड एवं दुर्गा पंडालों में पहुंचकर कार्यकर्ता भाजपा के कार्यों के बारे में बताकर आम जन को सदस्यता ग्रहण करवा रहे हैं। सदस्यता प्रभारी लक्ष्मण झा ने बताया कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता वॉर्ड में पहुंच रहे हैं। इस दौरान अविनाश श्रीवास्तव, विनोद पांडे, अभिषेक तिवारी, शिरिष मिश्रा, अभिषेक तिवारी, राज पांडे, विकास पात्रों, अभिलाष यादव, योगेश पाणिग्रही, अनिमेष चौहान, प्रशांत पाणिग्रही एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निधन

### तुलसादेवी गांधी



**जगदलपुर।** कांकेर निवासी तुलसादेवी गांधी उम्र 86 वर्ष धर्मपत्नी स्व. रामचंद्र गांधी कापसी का निधन 10 अक्टूबर दोपहर 3 बजे ग्राम कापसी में हो गया है। वह संतोष, प्रकाश, विनोद गांधी की माताजी थी एवं अजय राठी रायपुर की सासू मां थी। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार प्रातः 10 बजे निवास स्थान कापसी (कांकेर) से घाट के लिये निकलेगी।

### बिशंबर दास



**जगदलपुर।** शहर के सदर वार्ड मां दुर्गा चौक निवासी 72 वर्षीय बिशंबर दास का बुधवार को हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। गुरुवार को प्रवीर वार्ड खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें परिजन समेत वार्डवासी व शिक्षकगण सम्मलित हुए। वे सेवानिवृत शिक्षक थे। वे विजय चंद्र दास और भागीरथी दास के ज्येष्ठ भ्राता थे।

# माता मावली मंदिर बारसूर में स्थापित है माता दुर्गा की 1600 वर्ष पूर्व प्राचीन मूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

## महिषासुर का वध करती हुई भव्य प्रतिमा है प्रतिष्ठित







शारदीय नवरात्र में गीदम ब्लॉक के बारसूर स्थित माता मावली मंदिर में अंचल के भक्तों की भारी भीड़ जुटती है। भक्तों द्वारा सैंकड़ों मनोकामना ज्योतिकलश भी प्रज्ज्वलित किये जाते हैं। छिन्दक नागवंशी राजाओं ने भव्य मंदिर में दुर्गा माता की स्थापना की थी। वर्तमान में प्राचीन मंदिर ढह चुका है एवं ग्रामीण जनसहयोग से मंदिर बनाकर पूजा-अर्चना कर रहें हैं।

### अद्वितीय है माता की प्रतिमा

जनमानस में प्रचलित माता दुर्गा की छवि को साकार करती भव्य प्रतिमा बारसूर में 1600 वर्ष पूर्व छिन्दक नागवंशी राजाओं द्वारा प्राण-प्रतिष्ठित की गई है। दुर्गा स्वरूप में महिषासुर का वध करती चतुभुर्जाधारी माता ने दाएं ऊपरी हाथ में तलवार, दाएं निचले हाथ में त्रिशूल, बाएं ऊपरी हाथ में ढाल एवं बाएं निचले हाथ में महिषासुर का कटा हुआ शीश पकड़ा हुआ है। इसके अतिरिक्त मंदिर में भगवान विष्णु की दशावतार को प्रदर्शित करती मनमोहक प्रतिमा के साथ भगवान सूर्यदेव की भी भव्य प्रतिमा स्थापित है।

### प्रचार-प्रसार की आवश्यकता

धार्मिक नगरी बारसूर में स्थित माता दुर्गा के इस मंदिर को स्थानीय हल्बी बोली में माता मावली दंतेश्वरी कहा जाता है। बाहर से आने वाले पर्यटक जानकारी के अभाव में इन भव्य-दिव्य, अनुपम प्रतिमाओं के दर्शन नहीं कर पाते। जानकारों का मानना है कि माता दुर्गा की महिषासुर मर्दन को प्रदर्शित करती प्रतिमा अन्यत्र ही कहीं हो। इसके विषय में पुरातत्ववेत्ता ही संभवतः कुछ बता सकते हैं। फिलहाल ग्राम के जागरूक नागरिकों की पहल से यह मंदिर पुनः जनमानस में लोकप्रिय हो रहा है, एवं मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जगत पुजारी, भुवनेश्वर भारद्वाज, झोड़राम नाग, सुखराम नेगी, रामलाल नेगी, कुतीर्वास नाग, पारस ठाकुर, उदय मांझी, अमूलकर नाग हेमकुमार नाग, उमेश्वर पुजारी, बद्रीनाथ पुजारी, माड़ूराम पुजारी एवं सैंकड़ों ग्रामीणों के प्रयास से माता के प्रति आस्था एवं मंदिर का वैभव बढ़ता जा रहा है।

## ग्रामीणों ने बीमार युवक को कांवड़ में ढोकर झीरम पहुंचाया

# दशकों बाद भी एलेंगनार ग्राम मूलभूत सुविधाओं से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



अतिसंवेदनशील क्षेत्र एलेंगनार से ग्रामीणों ने उल्टी दस्त से ग्रसित युवक को कांवड़ में ढोकर झीरम तक पहुंचाया। अतिसंवेदनशील क्षेत्र एलेंगनार दशकों बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

- झीरम से एंबुलेंस की सहायता से बीमार ग्रामीण को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया

एलेंगनार ग्राम पंचायत कनकापाल का आश्रित ग्राम है। यह ग्राम जगदलपुर जिला मुख्यालय से तकरीबन 50 किमी की दूरी झीरम गांव के समीप पहाड़ी के ऊपर बसा हुआ है। यह ग्राम जिला विभाजन से पहले बस्तर जिला के दरभा विकास खंड क्षेत्र में आता था, परंतु जिला विभाजन के पश्चात सुकमा जिले के छिंदगढ़ विकास खंड के अंतर्गत कनकापाल पंचायत के अंतर्गत आता है,जहां आदिवासी समाज के ग्रामीण निवासरत है। जो आजादी के दशकों बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। कनकापाल पंचायत के आश्रित ग्राम एलेंगनार निवासी चैतू राम पिता कुता राम को उल्टी दस्त हुआ, एलेंगनार गांव में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण उसकी हालत गंभीर हो गई। बीमारी की गंभीरता को देख ग्रामीणों ने अपने ग्रामीण जुगाड़ बनाकर बीमार युवक को कांवड़ में ढोकर झीरम गांव तक पहुंचाया। तत्पश्चात एंबुलेंस सेवा की सुविधा मिली एवं उपचार के लिए तोंगपाल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। जहां उसका उपचार जारी है।

### सड़क, बिजली स्वास्थ्य की सुविधा नहीं

कनकापाल पंचायत के आश्रित ग्राम एलेंगनार में सड़क सुविधा नहीं होने से एंबुलेंस सेवा वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते हैं। इसलिए ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधा पाने झीरम तक पैदल चलकर आते हैं फिर हॉस्पिटल जाते हैं। गंभीर स्थिति होने पर बीमार व्यक्ति को कांवड़ में ढोकर झीरम तक पहुंचाते है, जिसका उदाहरण आज चैतु राम पिता कुता राम को उल्टी दस्त होने पर ग्रामीणों ने कांवड़ में ढोकर झीरम गांव पहुंचाया। तत्पश्चात एम्बुलेंस सेवा मिली। यहीं नहीं ग्रामीण अपने आवश्यकता की सामाग्री खरीदी बिक्री हेतु बाजार जाने के लिए भी झीरम गांव तक पहाड़ी रास्तों से होकर राष्ट्रीय राज्य मार्ग 30 झीरम गांव पहुंचते हैं, तत्पश्चात उन्हें वाहन की सुविधा मिलती है। एलेंगनार में मोबाइल टॉवर, बिजली, पानी, स्वास्थ्य की सुविधा नहीं होने पर ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# जावंगा ऑडिटोरियम के आवास मेले कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री केदार कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम




दंतेवाड़ा जिले के जावंगा स्थित ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास सम्मेलन में प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन जन संसाधन संसदीय कार्य एवं कौशल विकास तथा सहकारिता विभाग कैबिनेट एवं जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के हाथों जिले में

- 7000 आवासों का सांकेतिक भूमिपूजन तथा 3564 पूर्ण आवासों का किया गृह प्रवेश

7000 आवासों का सांकेतिक भूमिपूजन तथा 3564 पूर्ण आवासों का गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जब से देश की बागडोर संभाली गई है, उसी दिवस से आवास योजना का स्वरूप बदल गया है। देश के आवासहीनों को पक्का आवास दिलाना प्रधानमंत्री का महत्वाकांक्षी उद्देश्य था, जो आज पूरा हो रहा है। इस प्रकार प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा अपने मंत्रिमंडल के प्रथम बैठक में ही पहला निर्णय प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीणों को पक्का घर उपलब्ध कराने का लिया गया। शासन की विभिन्न योजनाओं का जिक्र करने हुए आगे कहा कि चाहे वह आयुष्मान कार्ड योजना हो या फिर चावल वितरण शासन का सर्वोपरि लक्ष्य है कि समाज के अंत्योदय व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री के संकल्प अनुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपने घरों में पेड़ लगाकर उसका रखरखाव अवश्य करें। साथ ही शासन आपको प्रधान मंत्री आवास के तहत अनुदान तो दे ही रही है, अतः अपने सुविधानुसार घर को बड़ा एवं व्यवस्थित बनाने का प्रयास करें।

इस मौके पर क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने भी प्रधान मंत्री आवास से लाभान्वित हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीणों को पक्का आवास उपलब्ध कराना राज्य शासन का संकल्प था और इससे 18 लाख परिवार लाभान्वित हो रहे है। यह गौरव का विषय है अतः जो ग्रामीण इससे लाभान्वित हुए है वे जल्द से जल्द अपने मकान को पूर्ण कर जनप्रतिनिधियों को गृह प्रवेश में आमंत्रित करें।

विकासखण्ड गीदम अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 2 हितग्राही महिला कुमारी कुंजाम के स्वीकृत आवास का भूमि पूजन तथा तुलसी बेजामी के नव निर्मित गृह प्रवेश कार्यक्रम भी कैबिनेट मंत्री के हाथों संपन्न हुआ। इस मौके पर उन्होंने दोनों हितग्राही महिलाओं को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत सदस्य रामू राम नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष अंति वेक, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत दंतेवाड़ा अध्यक्ष सुनिता भास्कर, नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमला नाग सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, वनमंडलाधिकारी सागर जाधव, जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्व रंजन एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# तोयनार में में हुआ ब्लॉक स्तरीय आवास मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने ब्लॉक स्तरीय आवास मेला का आयोजन जनपद पंचायत बीजापुर के ग्राम पंचायत तोयनार में आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत तोयनार के अलावा ग्राम

- आवास मॉडल प्रदर्शनी के माध्यम से आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों का मार्गदर्शन

पंचायत पापनपाल, धनोरा, मोरमेड़ सहित अन्य गांवों के ग्रामीण एवं हितग्राही शामिल हुए। आवास मेला का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास का निर्माण शासन के निर्देशानुसार गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों को प्रेरित करना है। तोयनार में आयोजित आवास मेला नावा लोन-नावा अभियान मेरा घर मेरा अभियान को आकर्षक और हितग्राहियों के लिए लाभकारी बनाने आवास मॉडल का प्रदर्शनी भी लगाया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से हितग्राहियों को आवास निर्माण संबंधी आवश्यक जानकारी सुगमतापूर्वक दिया गया। आवास मेला के आयोजन के दौरान आवास पूर्ण होने पर 3 हितग्राहियों को नए घर की प्रतीकात्मक रूप से चाबी सौंपा गयी। वहीं 4 हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु स्वीकृति पत्रक वितरण करते हुए घर निर्माण का भूमिपूजन भी किया गया। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत गीत कुमार सिंहा, उपसरपंच, सचिव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### बस्तर ओलंपिक में अधिक से अधिक खिलाड़ियों का कराए पंजीयन

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान की गई घोषणा के संबंध में विभागीय अधिकारियों को अविलंब आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। वहीं मुख्यमंत्री जनदर्शन के लंबित प्रकरणों को गंभीरतापूर्वक समय-सीमा में निराकृत करने को कहा। विभागवार समीक्षा के दौरान पशुधन विभाग अन्तर्गत किसान क्रेडिट कार्ड की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। जिला विपणन अधिकारी को धान के शत प्रतिशत उठाव का निराकरण करने, समिति मिलान सहित जिले के मिलर्स को शतप्रतिशत चांवल जमा कराने हेतु निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राप्त लक्ष्यों के अनुरूप कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिले के 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण युवाओं को जो प्रतियोगिता परीक्षा में बैठना चाहते है। उन्हें लाईब्रेरी से जोड़ने उनकी निःशुल्क कोचिंग क्लास के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# वन्य जीव संरक्षण पर जागरूकता बढ़ाना एवं जैव विविधता के महत्व को बताया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा 2 से 8 अक्टूबर तक वन्य जीव संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसका समापन समारोह वन विद्यालय में आयोजित किया गया। सप्ताह का उद्देश्य वन्य जीव

- कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में वन्य जीव संरक्षण सप्ताह का सफल समापन

संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जैव विविधता के महत्व को समझाना था। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा शामिल रहे। कार्यक्रम में कांगेर घाटी के निदेशक चूड़ामणि सिंह, सहायक संरक्षक कमल तिवारी, मैदानी अधिकारी और कर्मचारी, मैना मित्र, फायरवाचर, जिप्सी चालक, जिप्सी गाइड, पर्यावरण मित्र, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के वानिकी एवं वन्यजीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राएं और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी भी शामिल रहे। सप्ताह भर चले कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें चित्रकला, रंगोली और भाषण प्रतियोगिताएं शामिल रही। समापन समारोह में फायरवाचर उत्कृष्ट कार्य के लिए लेखन नाग, दुला मुचाकी, फोटोग्राफी उत्कृष्ट कार्य के लिए सुकरा नाग, मुन्नालाल बघेल और फगनू नाग, सर्प संरक्षण जागरुकता के लिए बेलचंद नाग, अनंत भोयर और हेमलाल मांझी को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। पर्यावरण जागरूकता के क्षेत्र में मनीष आहिर और डॉ. निधि को विशेष सम्मान से नवाजा गया।

### पर्यटकों को करेगा आकर्षित


निदेशक चूड़ामणि सिंह ने कहा कि कोटमसर, नागलसर, नेतानार, दरभा और तिरथगढ़ क्षेत्र में हुए कार्यक्रमों को व्यापक प्रोत्साहन मिला है। वन्य जीव संरक्षण, पर्यटन और जैव विविधता संरक्षण जैसी महत्वपूर्ण नीतियों पर शोध किया जाएगा। नागलसर क्षेत्र को नए इको-टूरिज्म विलेज के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां लो इम्पैक्ट टूरिज्म गतिविधियों जैसे साइकिलिंग, बैलगाड़ी से गांव का भ्रमण, पारंपरिक खेल-कूद और नए होमस्टे के माध्यम से पर्यटकों को आकर्षित किया जाएगा।

### पर्यावरण संरक्षण की ओर एक कदम

सीसीएफ आरसी दुग्गा ने छोटे जीव-जंतुओं के महत्व को समझने पर जोर दिया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन को एक गंभीर मुद्दा बताया और कहा कि वन्य जीवों के संरक्षण में सभी की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से पेड़ लगाने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने और पर्यावरण के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि अगर हम छोटे-छोटे प्रयास करें तो यह पर्यावरण के लिए बड़े परिणाम ला सकते हैं।

# महाराजा प्रवीर की हत्या के बाद से 59 वर्षों से माटी पुजारी के बिना रथ संचालन हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- राजपुरोहित ने कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक पत्र भेजकर ध्यानाकृष्ट कराया है

75 दिवसीय विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के विशाल रथ में जिस समय माटी पुजारी काकतीय नरेश प्रवीर चन्द्र भंजदेव मां दंतेश्वरी के छत्र के ऊपर पं. नीलाम्बरकर शर्मा उपुरोहित के द्वारा अक्षत अर्पण उपरान्त छत्र लेकर रथारूढ़ होते थे, रथ में सुंदर सुशोभित झूले में बैठकर झूलते थे। लाखों प्रजाजन विदेशियों को दर्शन देते थे तब उपस्थित जन-समुदाय गद गद हो जाते थे । 25 मार्च 1966 को बस्तर शासन (म.प्र.) प्रशासन के द्वारा प्रवीर चन्द्र भंजदेव को उनके राजमहल में बस्तर आदिवासियों के साथ गोलियों से भून डाला गया। तब से लेकर वर्तमान समय तक दशहरा का रथ माटी पुजारी के बिना ही संचालित हो रहा है। आकर्षण का केन्द्र बिन्दु बस्तर दशहरे का एक प्रमुख उत्सव जो काछन गुड़ी से दशहरा निर्विघ्न सम्पन्नता के लिए पुष्प प्राप्त करता है और बेल यात्रा महोत्सव निशा जात्रा, मावली परघाव में सदलबल के साथ प्रजाजन रहता है। राजगुरू राजपुरोहित के साथ दंतेश्वरी मंदिर में कुंवारी पूजा भीतर रैनी, बाहर रैनी, रथ के साथ माटी पुजारी की भूमिका कुटुम्ब जात्रा में चरमात्कर्ष आकर्षक दशहरा विधि विधान देखने को मिलता है।

दशहरा रथ उत्सव में माटी पुजारी बस्तर महाराजा होते हैं। समस्त वैदिक लोक परम्पराओं में इनकी उपस्थिति सैकड़ों वर्षों से चला आ रहा है। दशहरा रथ में माटी पुजारी की स्थारूढ़ व्यवस्था 59 वर्षों से प्रभावित है। 25 मार्च 1966 को राजमहल गोलीकांड में प्रवीर चन्द्र भजदेव की गोलियों से हत्या के बाद शासन प्रशासन की स्थिति बिगड़ने से माटी पुजारी को रथारूढ होने नहीं दिया जा रहा है। वर्तमान में अब यह स्थिति नहीं है। राजपुरोहित प. जोगेन्द्र महापात्र ने कहा है कि वे विगत 3 वर्षोंर् से माटी पुजारी को रथारूढ़ करवाने के लिए शासन, प्रशासन, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों को पत्र लिख रहे है। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, कमिश्नर, कलेक्टर बस्तर तक को हर साल पत्र लिख रहा हूं। लेकिन राजा को दशहरा में रथारूढ़ करने कोई जवाब आज तक नहीं मिला है।



## खबर संक्षेप

### सदस्यता अभियान में जुटे भाजपा कार्यकर्ता



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय आव्हान के बाद से पार्टी के कार्यकर्ता सदस्यता अभियान की तैयारी में जुटे हैं। युवा मोर्चा प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख एवं सदस्यता सह प्रभारी लक्षण झा, सह कोषाध्यक्ष आनंद झा, विनोद पांडे, युवा मोर्चा के अध्यक्ष शिरिष मिश्रा ने जनता को सदस्यता ग्रहण करवाई। साथ ही अपील करते कहा कि कॉल करने पर आये हुए लिंक पर जाकर अपना डाटा डालने पर आपका भाजपा का सदस्यता कार्ड बनकर तैयार हो जाता है। साथ ही ज्यादा से ज्यादा संख्या में जनता को जुड़ने की अपील की। इस दौरान राज पाण्डे, योगेश पानीग्राही, सुरज मिश्रा, आकाश बुरड, जागेश्वर गुप्ता, जगमोहन देवांगन, प्रशांत पानीग्राही पंचु, हनी यादव, चिन्मय तिवारी, पवन गुप्ता एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील बास्तानार ग्राम बड़ेकिलेपाल निवासी काजल कर्मा की मृत्यु सांप काटने से पति सन्तु कर्मा तथा तहसील तोकापाल के ग्राम बुरुंगपाल निवासी मंगी की मृत्यु सर्पदंश से होने के कारण माता पोदिये पति स्वर्गीय बुटलू प्रत्येक को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### तीन आत्मसमर्पित नक्सलियों को 10 लाख का इनाम स्वीकृत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति के तहत जिले में तीन आत्मसमर्पित नक्सलियों को कलेक्टर संबित मिश्रा ने 10 लाख के ईनाम राशि स्वीकृत किया है। जिसमें एक को 2 लाख, एक को 3 लाख एवं एक अन्य को 5 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह 13 तक



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह का आयोजन 2 से 13 अक्टूबर तक किया जा रहा है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान के अंतर्गत जिले में लड़कियों की सुरक्षा करना, भ्रूणहत्या, कन्या शिशु हत्या जैसे अमानवीय कृत्यों के प्रति जागरूक करना, महिला शिक्षा का बढ़ावा देना, लड़कियों के लिए कल्याणकारी सेवाओं को बेहतर बनाना, शिशु लिंगानुपात में कमी को रोकना, महिलाओं के सशक्तिकरण मुद्दों के प्रति जागरूक करना, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के प्रति जागरूकता, पोषण के महत्व एवं सही पोषण की जानकारी देते हुए एनीमिया से कैसे बचाव किया जा सकता है, इसकी भी जानकारी दिया जा रहा है।

# घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा का उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के सातों जिलों में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में सोलर लगाने के बाद लोगों को बढ़ी हुई बिजली बिल से मुक्ति मिलने के साथ फायदा भी होगा। लोगों के घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जाए तो यह बिजली लोगों को निःशुल्क मिलेगी। ऐसी सोच के साथ प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है, जिसके तहत मार्च 2027 तक देश के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश में 5 लाख रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उक्त बातें विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने गुरूवार को सातों जिलों के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, एई, जेई की बैठक में कही। इसके अलावा योजना का प्रचार प्रसार, सौर ऊर्जा लगाने से फायदा एवं अन्य बातों पर चर्चा की गई। पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से हितग्राहियों को दी जाने वाली सब्सिडी के संबंध में दी गई। साथ ही बताया गया कि पीएम सूर्य घर बिजली योजना के लिए सभी बैंकों द्वारा बहुत कम दर पर ब्याज ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एनडब्ल्यू हेनरी, अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता आदि शामिल रहे।

## ईडी ने संभाग के सातों जिलों के एसई, डीई व एई की ली बैठक

■ सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से मिलेगी बिल से मुक्ति



### डीई, एई को निर्देश

ईडी एसके ठाकुर ने बैठक में डीई, एई को निर्देश दिया कि वे इस योजना के तहत सोलर रूफ टॉप के माध्यम से उपभोक्ता अपने घरों में सोलर पैनल स्थापित कर बिजली का उत्पादन कर सीधे विद्युत कंपनी के ग्रिड से कनेक्टिविटी कर बिजली का उपयोग कर सकते हैं।

## शहर के वार्डों में लाखों के विकास कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन

# विकास कार्य में राशि की नहीं होगी कोई कमी : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के विभिन्न वार्डों में लाखों रुपए के विकास कार्यों का गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने विधिवत भूमि पूजन किया। विधायक निधि से शहर के अलग अलग वार्डो में सीसी सड़क कार्य का भूमि पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जायेगी। क्षेत्र में विकास से जुड़े कार्य प्राथमिकता से पूर्ण होंगे। शहर के महेंद्र कर्मा वार्ड में सीसी सड़क निर्माण 11 लाख 58 हजार, विजय वार्ड में सीसी सड़क लागत 5 लाख, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में सीसी सड़क लागत 8 लाख निर्माण जिसकी कुल लागत कुल 26 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया।



विधायक ने कहा कि जनता के मांग के अनुरूप शहर में चौमुखी विकास कार्य होंगे। विकास कार्य में समझौता नहीं किया जाएगा। जन मानस को मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है। विकास अनवरत जारी रहेगा। विकास कार्य में राशि की कमी नहीं होगी, वार्डवासियों के मांग के अनुरूप निर्माण कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के नेतृत्व में चौमुखी विकास होंगे। आज विधायक निधि से शहर मे लाखों के विकास कार्योर् का भूमिपूजन किया गया। सभी कार्य समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण होने चाहिए।

इस दौरान महापौर श्रीमती सफीरा साहू, एमआईसी सदस्य यशवर्धन राव, योगेंद्र पांडे, भारती श्रीवास्तव, निर्मल प्रसाद पाणिग्रही, नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, श्वेता बघेल, दिगंबर राव, पार्षद संजय पांडे, त्रिवेणी रंधारी, नीलम यादव, ममता पोटाई, राजपाल कसेर, नेहा धुरव, सुनीता सिंह, निगम के कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, राजेश श्रीवास्तव, निगम के अधिकारी, कर्मचारी समेत वार्डवासी उपस्थित थे।

## बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे मुख्यमंत्री




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक चेंबर सभागार में बुधवार को हुई। बैठक में 21 सूत्रीय कार्य योजनाएं एवं चेम्बर के कार्य को सुचारु रूप से चलाने समिति का भी निर्माण किया गया है। समिति में कोर कमेटी जिसमें पूर्व अध्यक्ष एवं पदाधिकारी मंडल को रखा गया है।

चेंबर अध्यक्ष श्याम सोमानी ने कहा नई सोच, दृढ़ संकल्प, सार्थक प्रयास के माध्यम से हमारी 21 सूत्रीय कार्य योजनाएं तैयार किए गए हैं। जिसमें चेम्बर को छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त भूमि पर एक बहुउद्देशीय भवन का निर्माण, जिसका सामाजिक एवं अन्य कार्योर् में उपयोग होगा। जिसमें चेम्बर सदस्यों को प्राथमिकता होगी।

इस मौके पर रेखचंद जैन, संतोष बाफना, जतिन जायसवाल, दीपक भानुशाली, कमल सेट्टी, सतपाल शर्मा, संतोष जैन, राजकुमार दंडवानी, श्रीधर मद्दी, शैलेंद्र भदोरिया, श्रीपाल तातेड, पुखराज बोथरा, भंवर बोथरा, किशोर पारख, ऋषि हेमानी, संपत झा, अशोक अरोरा, अनुराग अग्रवाल, सुरेंद्र चांडक, संजय शुक्ला, मनीष पारख, गौतम लुक्कड़, नंदकुमार भदोरिया, धरम चंद शर्मा, परेश पांडेय, संजीव कुमार सहित चेंबर के सदस्य तथा व्यापारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पहली बार महिला सदस्य जिसमें शशि गुप्ता, आशा डोडिया, सुनीता बोथरा, छाया जैन, रजनी त्रिवेदी उपस्थित थी। चेंबर में सर्वसुविधा युक्त एम्बुलेंस जो कृषि उपज मंडी व्यापारी संघ द्वारा प्रदत की जा रही है का संचालन भी प्रारंभ होने जा रहा है। आगामी 15 अक्टूबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एवं अतिथियों का नागरिक अभिनंदन भी किया जाएगा।

### चेम्बर सदस्यता शुल्क में संशोधन

चेम्बर सदस्यता शुल्क में संशोधन हुआ है जिसमें तीन वर्ष के लिए 1500 रूपये, आजीवन (10 वर्ष ) 3500 रूपये, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग के लिए 7000 रूपये और मध्यम एवं वृद्ध उद्योग तथा प्राइवेट लिमिटेड एवं लिमिटेड कंपनियां के लिये 11000 रुपए निर्धारित की गई है। जूनियर चेम्बर ऑफ कामर्स की सदस्यता की अधिकतम आयु सीमा जो पहले 32 वर्ष थी उसे बढ़ाकर 37 वर्ष की गई है। संविधान संशोधन समिति का गठन वरिष्ठ अधिवक्ता संजय शुक्ला के नेतृत्व में किया जाएगा एवं चेंबर सदस्यों के विधिक सलाह के लिए ललित अग्रवाल को मनोनीत किया गया है। चेंबर वेबसाइट के लिए डॉ राम राकेश, चेम्बर पत्रिका के संपादक एवं चेम्बर मिडिया प्रभारी के लिये संग्राम सिंह राणा को नियुक्ति किया गया है। संचालन महामंत्री नव रतन जलोटा एवं आभार मंत्री गजेंद्र चांडक ने माना।

## सदस्यता रथ सुकमा-कोंटा पहुंचा




**जगदलपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा का सदस्यता रथ 10 अक्टूबर को सुकमा पहुंचा। सदस्यता सह-प्रभारी लक्षण झा और सुकमा जिलाध्यक्ष संजय सोड़ी के नेतृत्व में तोंगपाल में कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। कार्यकर्ताओं ने बाजार स्थल में लोगों को भाजपा का सदस्यता ग्रहण करवाया। उसके पश्चात सदस्यता रथ छिन्दगढ़ पहुंचा व दुकानों में सम्पर्क कर सदस्यता अभियान चलाया गया। उसके बाद सदस्यता रथ कोन्टा के लिए रवाना हुआ। इस दौरान रमन सिंह चौहान, विनोद पाण्डेय, हूंगाराम मरकाम, दिलीप पेद्दी, महेन्द्र सिंह भदौरिया, शोभन, विकास भदौरिया, सत्यनारायण मानेम, मनोज मंडल, सुखदेव नाग, सुनील गुप्ता, सृजन सिंह, रोहित, पवन, अल्तमस, जगदीश मुचाकी समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ट्रैक्टर से लदा ट्रेलर हाईवे में पलटा...



भानपुरी। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में गुरूवार की दोपहर बाद एक तेज रफ्तार ट्रेलर पलटने से जहां चालक परिचालक बाल-बाल बचे। वहीं ट्रेलर में रखे नये ट्रैक्टरों को काफी नुकसान हुआ है। ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 एमडब्ल्यू 2955 रायपुर से जगदलपुर नये ट्रैक्टर लेकर शो रूम छोड़ने जा रहा था। तभी भानपुरी के नजदीक ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भानपुरी पुलिस दुर्घटना स्थल पहुंच आगे की कार्यवाही में जुटी हुई है।

## भंडारा में शामिल होकर विधायक ने प्रसाद श्रद्धालुओं को दिए



**जगदलपुर।** महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के सामने माता का भंडारा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। वही दामोदर पैट्रोल पंप के सामने और ममता विडियो के सामने माता का भंडारा में शामिल हुए।

## परमेश्वरी भवन देवांगन समाज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लालबाग स्थित मां परमेश्वरी भवन देवांगन समाज में शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रतिदिन सेवा गीत, गरबा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन के साथ महाअष्टमी का हवन पूजन का धार्मिक आयोजन धूमधाम के साथ हुआ। समाज भवन में प्रतिदिन महिलाओं, बच्चों के द्वारा गरबा की प्रस्तुति दी जा रही है। महिलाएं, बच्चे जमकर माता की भक्ति में डूबे नजर आ रहे है। गरबा के लिए महिलाओं एवं बच्चों ने आकर्षक पोशाक धारण कर रहे है। बच्चें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के



दौरान भक्ति गीत, भक्ति डांस, फैंसी ड्रेस, धार्मिक प्रश्नोत्तर सहित खेलों का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिताओं के बाद पुरुस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर देवांगन समाज की महिलाओं, युवतियों, बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मानसिक रूप से बीमार और विकलांग व्यक्तियों को योजना की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

■ विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जिला अस्पताल परिसर में लगाया विधिक शिविर

10 अक्टूबर विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के विशेष अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष विजय कुमार होता के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपूर्वा दांगी द्वारा जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा के मानसिक स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डॉक्टर देश दीपक एवं वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट सुनीता अग्रवाल




से चर्चा कर उनसे अस्पताल में आने वाले मानसिक रोग से संबंधित प्रकरणों की संख्या, कारण और निदान के बारे में जानकारी लिया। इस संबंध में डॉक्टर देश दीपक ने बताया कि इस बीमारी से केवल व्यक्ति विशेष ही प्रभावित नहीं होता, बल्कि उसका पूरा परिवार प्रभावित होता हैं। अतः उनकी टीम द्वारा लगातार इस संबंध में गांव, संस्थान, स्कूल एवं अन्य जगहों में कैंप लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं, जिससे इस रोग का निदान किया जा सके। इस दौरान अस्पताल परिसर में विधिक शिविर भी लगाया गया और नालसा के मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों संबंधी योजना 2015 के संबंध में जानकारी दी गई। इस योजना का उद्देश्य मानसिक रूप से बीमार और मानसिक अशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों को उनके मानवीय अधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता को प्रोत्साहित एवं रक्षित किया जाना हैं।

## बस्तर ओलंपिक की तैयारियों के लिए कमिश्नर ने दिए निर्देश

# बस्तर ओलंपिक का व्यापक प्रचार-प्रसार करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आगामी दिनों में आयोजित होने वाले बस्तर ओलंपिक 2024 की तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम समीक्षा करते हुए कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि खुशहाली का संदेश देते हुए बस्तर के युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों और खेल विधाओं से विकास की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु आयोजित बस्तर ओलंपिक का व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें। इस हेतु नगरीय निकाय, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत की बैठकों में सभी जनप्रतिनिधियों, ग्रामों में कोटवारों के माध्यम से तथा स्कूल-कॉलेजों के युवाओं, खेल क्लब-



खेल संघ के खिलाड़ियों, आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों के विद्यार्थियों, एनसीसी-एनएसएस के युवाओं, महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमलों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को इस ओलंपिक से जोड़ने की कोशिश किया जाए।

इसके अलावा कमिश्नर ने बस्तर ओलंपिक के लिए अब तक जिलों में हुए पंजीयन की स्थिति का संज्ञान लेकर और खिलाड़ियों को जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही पंजीयन उपरांत 1 से 12 नवंबर तक जोन या कलस्टर स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित कर 15 नवंबर तक विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता को शासन द्वारा निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत सभी जिलों में 17 से 20 नवंबर तक जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन और 27 से 30 नवंबर तक संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन की तैयारियों हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के लिए मैदानों का चिन्हांकन, मैदानों की आवश्यक व्यवस्था को समय पर पूर्ण करवाने सहित जहां भी प्रतियोगिता आयोजित होगी, उन जगहों व्यापक मेडिकल टीम की तैनातगी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही खिलाड़ियों के लिए आवश्यक परिधानों की व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।


online Booking:-www.tripuryatra.com




रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 02 मई से 08 मई 2025

द्वारकाधीश धाम यात्रा

श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)

ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा

RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road

संपर्क करें:-73544-11411



## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124